168 3390
17/11/22

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण

UPSIDA

यूपीएसआईडीसी काम्पलेक्स
A-1/4, लखनपुर
कानपुर – 208024
दूरभाष : 0512-582851-53
फैक्स : 0512-2580797
वेबसाइट: www.onlineupsidc.com
CIN-U26961SGC002834

श्री अजयदीप सिंह
प्रबन्धक(प्रशा0 / सा0) एवं नोडल अधिकारी (बीपीपीसी),
उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0,
मुख्यालय।

संदर्भ संख्या /यूपीसीडा/एटीपी दिनांकः

विषयः यूपीसीडा के अधिसूचित औद्योगिक विकास क्षेत्रों में लागू उ0प्र0 औद्योगिक विकास क्षेत्र–भूमि विकास एवं भवन विनियमन, 2018 के प्रावधानों में संशोधन के सम्बन्ध में।

प्राधिकरण संचालक मण्डल की दिनांक 02.12.2021 को सम्पन्न 35वीं बोर्ड बैठक में प्राधिकरण के औद्योगिक भूखण्डों के फ्लैटेड फैक्ट्री में परिवर्तन हेतु भूमि विकास एवं भवन विनियमन, 2018 में कतिपय संशोधनों पर अनुमोदन प्रदान किया गया है। औद्योगिक भूखण्डों के फ्लैटेड फैक्ट्री के कियान्वयन में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत, अनुमोदित नीति में कतिपय संशोधन प्रस्तावित किए गये है जिसे सलाहकार डिलॉइट द्वारा ड्राफ्ट तैयार किया गया है। उक्त संशोधन पर जनमानस से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किया जाना है।

उपरोक्त के कम में विज्ञप्ति एक राष्ट्रीय अंग्रेजी एवं एक राष्ट्रीय हिन्दी समाचारपत्र (उत्तर प्रदेश संस्करण एन0सी0आर0 सहित) में तथा प्रस्तावित संशोधन प्राधिकरण की बेवसाइट पर प्रकाशित किया जाना है। प्रकाशित की जाने वाली विज्ञप्ति का प्रारूप संलग्न है। प्रकाशित विज्ञप्ति के समाचार पत्रों की दो–दो प्रति ए0टी0पी0 अनुभाग, मुख्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

(मीना भार्गव)
महाप्रबन्धक (वास्तु0 / नियो0)

संदर्भ संख्या 1179 **/यथोक्त** **दिनांक** 15-11-2022

उपरोक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, मुख्यालय।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी(ए), उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, मुख्यालय।
3. प्रभारी (कम्प्यूटर), उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, मुख्यालय को इस आशय से प्रेषित कि वे प्रस्तावित संशोधन एवं विज्ञप्ति प्रारूप वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

meena
15/11/2022
(मीना भार्गव)
महाप्रबन्धक (वास्तु0 / नियो0)